एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना

करौली (नि.स.)। 68वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए करौली से टीम जोधपुर के लिए रवाना हुई। मुंशी त्रिलोकचंद माथुर स्टेडियम में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के बाद टीम को जोधपुर के लिए रवाना किया गया। इस दौरान प्रारंभिक जिला शिक्षा अधिकारी इंद्रेश तिवारी ने छात्र-छात्राओं को बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी।

संयोजक प्रशिक्षण शिविर एवं प्रिंसिपल मदन मोहन शर्मा एवं खेल प्रभारी मुकेश शर्मा ने बताया कि 68वीं राज्य एथलेटिक्स 14 वर्ष छात्र-छात्रा प्रतियोगिता के लिए मुंशी त्रिलोचन माथुर स्टेडियम में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर के समापन के बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए टीम को जोधपुर के श्री सरस्वती बाल वीना भारती उच्च माध्यमिक स्कूल के लिए रवाना किया गया। टीम के कुल 11 छात्र-छात्राओं को रवाना किया गया। जिसमें 7 छात्र और 4 छात्राएं शामिल हैं। टीम रवानगी के दौरान संयोजक प्रशिक्षण शिविर एवं प्रिंसिपल मदन मोहन शर्मा,खेल प्रभारी मुकेश चंद शर्मा,भगत सिंह, वरुण कुमार सिंह सहित अन्य शारीरिक शिक्षकों ने खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता मे अच्छा प्रर्दान करने को लेकर शुभकामनाए दी।

जरूरतमंद कन्या की शादी के लिए वस्त्र उपलब्ध कराए

भरतपुर (निस)। समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता के द्वारा भरतपुर शहर वार्ड न. 1 मथुरा बाईपास स्थित बजरंग नगर निवासी एक जरूरतमंद परिवार की विवाह योग्य कन्या की शादी हेतु वस्त्र उपलब्ध कराकर सहयोग किया गया। इस सहयोग सामग्री को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव तथा अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अनुतोष गुप्ता, उदयपुर के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश जगदीश कुंतल, समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष राजाराम भूतोली ने जरूरतमंद परिवार को भेंट किया। सहयोग में मिले शादी के वस्त्रों को प्राप्त कर कन्या एवं उसके परिजन खुश हो गए और उनके चेहरे पर खुशी की मुस्कान छा गई। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अनुतोष गुप्ता ने कहा कि समाज व परिवार में एक-दूसरे की मदद करना और कष्ट के समय में सहायता करना दुनिया का सबसे बडा नेक काम है। ऐसे सहयोग से देश, समाज व परिवार में एकता व अखण्डता कायम होती है। समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने एक जरूरतमंद परिवार की विवाह योग्य युवती की शादी में सहयोग किया, जो नेक और सराहनीय कार्य है। उन्होने विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम और योजना, लोक अदालत आदि की विस्तार से जानकारी दी। एडीजे जगदीश कुंतल ने कहा कि जरूरतमंद व कमजोर परिवार की मदद करने से मदद प्राप्त करने वाले के हौसले बुलन्द हो जाते है और वह स्वयं के कार्य में सफल हो जाता है। निदेशक सीताराम गुप्ता ने कन्या के विवाह में सहयोग किया, जिससे अन्य लोगों को प्रेरणा लेकर ऐसे परिवारों की मदद करनी चाहिए। निदेशक सीताराम गुप्ता ने कहा कि कष्ट व आपदा के समय पीड़ित परिवार की मदद करने को संस्था प्रत्येक समय तैयार है और समाज के उत्थान, देश के विकास, आत्मनिर्भर, महिला सशक्तिकरण, रोजगार, शिक्षा, प्राकृतिक खेती, बागवानी, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पशु, बकरी, मछली व मुर्गी पालन आदि क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य जारी रखेंगी।

- **मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव तथा अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अनुतोष गुप्ता भी मौजूद थे।**

समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने कन्या के विवाह के लिए वस्त्र उपलब्ध कराए।

स्वनिधि भी, स्वाभिमान भी पखवाडा 18 से

करौली (नि.स.)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के क्रियान्वयन में गति लाने के उद्देश्य से दिनांक 18 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक स्वनिधि भी, स्वाभिमान भी पखवाडा आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया है जिसके अन्तर्गत निम्न गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाना है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बताया कि पखवाडे के दौरान बैंको में लम्बित स्वीकृत ऋणों का वितरण एवं लम्बित आवेदनों की स्वीकृति जारी करवाना, आवंटित लक्ष्यों के अनुरूप अधिक से अधिक नए आवेदन पत्र बैंकों को भिजवाना, स्वनिधि से समृद्धि कार्यक्रम के तहत जिलों में पीएम स्वनिधि के समस्त लाभार्थियों की सामाजिक एवं आर्थिक प्रोफाइलिंग करवाना, स्वनिधि से समृद्धि कार्यक्रम के तहत में पीएम स्वनिधि के लाभार्थी एवं उनके परिजनों को जन कल्याण कारी योजनाओं यथा पीएम सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, जन धन योजना, जननी सुरक्षा योजना, श्रम योगी मानधन योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड, मातृ वन्दन योजना, बीओसीडब्ल्यू पंजीकरण से लाभान्वित करवाना व समाचार पत्र, सोशल मिडिया, पोस्टर, होर्डिंग, पेम्पलेट, आदि विभिन्न माध्यमों से योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करवाने के संबंध में जारी किये है।

सार-समाचार

माता रानी के भजन गूंजे

मंदिर में रात्रि जागरण में अंकेश पाराशर ने भजनों की प्रस्तुति दी।

करौली (नि.स.)। मा गुमानो भक्त मडल के द्वारा तावे की टारो मे फूल बंगला छप्पन भोग, अन्नकूट प्रसादी रात्रि जागरण का आयोजन हुआ जिसमें माता रानी का दरबार सजाया गया और हजारों कि संख्या में भक्तों ने अन्नकूट प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम के दौरान विधि विधान के साथ अशोक पंडित द्वारा माता रानी कि पूजा अर्चना के पश्चात दीप प्रज्ज्वलित करके भगवान गणेश कि वंदना के साथ श्रीजी म्यूजिकल ठ्रुप के कलाकारों द्वारा माता रानी के जागरण कि शुरुआत की गई जिसमें अंकेश पाराशर ने मेरे लाडले गणेश प्यारे प्यारे, मंगल मूरत राम दुलारे, तूने मुझे बुलाया शेरा वालिए बिगड़ी मेरी बना दे जय शेरावाली, मैया अंगना में आई मेरी मां मैं बालक तू माता शेरा वालिए सुंदर सुंदर लांगुरिया प्रस्तुत किये इसके बाद सभी भक्त झूम कर नाचने लगे इसके बाद फिरोजाबाद से आई लक्ष्मी किशोरी ने दिल में तू मां के नाम कि ज्योति जला के देख, दो दो जोगनी के बीच अकेला लांगुरिया, मेरी मैया का लगा दरबार, आज मोरे अंगना में बेटियां भाग्यवान होती है अनेक रचना प्रस्तुत कि रात्रि जागरण प्रात: 5:00 बजे माता रानी की आरती के साथ संपन्न हुआ सभी भक्तों को प्रसादी बांटी गई। कार्यक्रम मे सभी भक्तों का और कलाकारों का स्वागत किया गया इसमें अशोक पंडित शर्मा, योगेश शर्मा, उपेंद्र पाल, अमित, अतुल और अनेकों माता रानी के भक्त मौजूद थे।

श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव 13 को

करौली (नि.स.)। उपखंड मुख्यालय के मंगलम मैरिज होम में बाबा श्याम सखा परिवार के सान्निध्य एवं सिंघल परिवार के तत्वावधान में 13 नवंबर को शाम 7:15 बजे से श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। श्याम सखा परिवार के रवि कुमार व सागर सिंहल ने बताया कि संकीर्तन में पंकज म्यूजिकल ग्रुप नैनवा बूंदी के साथ प्रसिद्ध भजन प्रवाहिका रितिका व कनिका अग्रवाल जयपुर एवं आशु भारती नैनवा द्वारा श्याम भजनों की रातभर आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएगी। दूसरी ओर श्री श्याम दरबार सेवा बांदीकुई द्वारा श्याम बाबा का आकर्षक दरबार सजाकर कार्यक्रम में पुष्प व इत्र वर्षा कि जाएगी।

धूमधाम से निकलेगी आज कलश यात्रा

करौली। करौली शहर की शिव कॉलोनी में आज बुधवार से शुरू होने वाली श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान कार्यक्रम से पूर्व विशाल कलश यात्रा का आयोजन होगा। करौली कि शिव कॉलोनी निवासी कार्यक्रम आयोजन रमा शर्मा ने बताया कि आज बुधवार से निज निवास पर श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसका वाचन आचार्य मदन मोहन व्यास के द्वारा किया जाएगा उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व आज बुधवार को प्रात: 7:30 बजे गोमती कॉलोनी स्थित संत गोमती दास जी महाराज के आश्रम से कलश पूजन के साथ कलश, शोभायात्रा प्रमुख मार्गो से होते हुए निकलेगी जो कार्यक्रम स्थल शिव कॉलोनी में जाकर संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि कथा का समय प्रात: 12:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक रहेगा। कथा के प्रथम दिन श्री गणेश पूजन व कलश यात्रा भागवत कथा महात्मय का आयोजन होगा वही गुरूवार को 24 अवतार वर्णन हिरण्याकक्ष्य वध कि कथा होगी।

अन्कूट महोत्सव

भरतपुर (निस)। मंगलवार को भुसावरी अठा परिवार का सपरिवार अन्कूट महोत्सव शहनाई मैरिज होम रनजीत नगर पर मनाया गया। इस अवसर पर इस परिवार की महिला प्रकोष्ठ की सदस्यों सीमा मित्तल, ऊषा गुप्ता, ज्योति आर्य, कुसुम आर्य, मृदुला आर्य, सुमन विन्दल, ममता गुप्ता, सविता गुप्ता, शारदा गुप्ता, भावना मित्तल, मधु गुप्ता ने गिर्राज महाराज व अठासेन महाराज की सज्जा कर छप्पन भोग का प्रसाद लगाया व महिलाओं ने कीर्तन व महाआरती की। इस आयोजन में जिला व्यापार संघ के अध्यक्ष संजीव गुप्ता, अतुल मित्तल, अनुराग गर्ग, एमएल मित्तल, मोहनलाल मित्तल, भगवानदास बंसल व सुभाष नगर, राजेन्द्र नगर, जवाहर नगर, अठावाल सभा आदि अठावाल इकाईयों के पदाधिकारियों का चन्दन व पटका पहनाकर स्वागत किया गया। जिसके बाद पूरे अठा परिवार ने एक साथ बैठकर अन्नकूट प्रसादी पाई। इस पूरे आयोजन को सम्पन्न कराने में वेदप्रकाश, विकास मित्तल, अनिल गुप्ता, सतीश मित्तल, शशि कुमार बजाज, वीरेन्द्र, आर.एस.गुप्ता, विशन, घनश्याम गुप्ता, ओमप्रकाश अचार वाले, सत्यव्रत आर्य, प्रदीप आर्य, प्रेमचन्द गोयल, सुरेन्द्र कुमार आदि ने पूरा सहयोग दिया। अन्त में कमेटी के संस्थापक हरीमोहन मित्तल ने आभार व्यक्त किया।

भरतपुर की कार्यकारिणी की बैठक

भरतपुर (निस)। रामलीला समिति भरतपुर की कार्यकारिणी की बैठक समिति कार्यालय पर आहूत की गई। जिसमें रामलीला महोत्सव-2024 के भव्यता पूर्ण आयोजन की समीक्षा की गई। समिति अध्यक्ष ब्रजेश कौशिक द्वारा सभी सदस्यों को महोत्सव के सफल बनाने में किये गये सहयोग का हार्दिक रूप से आभार व्यक्त किया गया। साथ ही 15 नवम्बर शुक्रवार को पुराना लक्ष्मण मंदिर के प्रांगण में अन्नकूट प्रसादी का आयोजन रखा गया है। जिसमें रामलीला समिति के सभी सदस्य परिवार सहित व रामलीला के सभी पात्र आमंत्रित हैं। बैठक में संस्था उपाध्यक्ष मोहन मित्तल, मदनमोहन गुप्ता, डॉ निर्मल खण्डेलवाल, कृष्ण कुमार शर्मा 'किस्सो', ओमप्रकाश गुप्ता, महेश सिंघल, मुकेश माहेश्वरी व विष्णु लोहिया उपस्थित रहे।

अनुभव प्रमाण पत्र उचित नहीं माने जाने पर जताया विरोध

भरतपुर (निस)। भरतपुर नगर निगम क्षेत्र में कई वर्षों से ठेकेदारों के सुपरविजन में सफाई कार्य करने वाले अस्थाई सफाई कर्मचारियों के लिए अनुभव प्रमाण पत्र परेशानी का सबब बना हुआ है। ठेकेदार के द्वारा दिए गए प्रमाण पत्र को वैलिड नहीं माना जा रहा है। जिससे इन कर्मचारियों के लिए सफाई कर्मचारियों की भर्ती में शामिल होना मुश्किल हो रहा है। वहीं नगर निगम की लाइन सर्विसेज कंपनी के अंतर्गत सफाई का कार्य कर रहे अस्थाई सफाई कर्मचारियों के सामने भी उस वक्त दुविधा खडी हो गई। जब कंपनी से मिले प्रमाण पर ये कर्मचारी नगर निगम आयुक्त का वैरिफिकेशन कराने के लिए नगर निगम कार्यालय पंहुचे और उन्हें पता चला कि नगर निगम आयुक्त जयपुर गए हुए हैं। वहीं भर्ती के आवेदन की आखिरी तिथी 6 नवम्बर तक ही है। ऐसे में इन अस्थाई कर्मचारियों के द्वारा नगर निगम में प्रदर्शन किया गया। जहां ठेकेदारों के सुपरविजन में कई वर्षों से कार्य कर रहे अस्थाई कर्मचारियों का कहना था कि नगर निगम क्षेत्र में कई वर्षों से अस्थाई कर्मचारी का कार्य कर रहे है और अब जब ठेकेदार के द्वारा अनुभव प्रमाण पत्र भी दे दिया गया तो उसे पर्याप्त नहीं माना जा रहा है। सफाई भर्ती में ईएसआई और पीएफ की शर्त इनके अनुभव प्रमाण पत्र के आडे आ रही है। जिसे लेकर ये अस्थाई कर्मचारी काफी परेशान नजर आए। इसे लेकर अस्थाई कर्मचारियों के द्वारा अपना विरोध दर्ज कराया गया। वहीं लाइन कंपनी के अंडर कार्य करने वाले अस्थाई कर्मचारियों को यह डर सता रहा है कि अगर नगर निगम आयुक्त 6 नवम्बर को भरतपुर नहीं आए तो कहीं ऐसा ना हो कि वे भी अपना आवेदन नहीं भर पाए। फिलहाल इन अस्थाई कर्मचारियों के द्वारा मांग की जा रही है कि भर्ती के आवेदन की आखिरी तारीख को आगे बढाया जाए वहीं आवेदन में ईएसआई और पीएफ की शर्त को भी हटाया जाए।

पोस्टर,स्लोगन प्रतियोगिता 11 को

करौली,नि.स.)। जिला नोडल अधिकारी स्वीप एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा ने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 का आयोजन 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक किया जाना है इस कार्यक्रम के तहत राज्य मतदाता सूचियों में 6 जनवरी 2025 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोडने एवं संशोधन का कार्य बुथ लेवल अधिकारी या ऑनलाईन वीएचए (वोटर हेल्पलाईन एप) के जरिए किया जा रहा है।

उन्होंने बताया है कि कार्यक्रम के तहत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र टोडाभीम, हिण्डौन, करौली एवं सपोटरा में स्थित सभी निजी, सरकारी महाविद्यालय एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में गठित ईएलसी के माध्यम से 11 नवम्बर को मतदान प्रकिया से संबंधित जैसे निर्वाचन प्रकिया, मतदान प्रकिया, मतदाता सूची में नाम जुडवाने, मतदाता एप्स जागरूकता, विशेष योग्यजन मतदाताओं को प्रदान की जाने वाली सुविधाएँ व अन्य मतदान संबंधी विषयों पर आधारित पोस्टर, स्लोगन, मेसकोट प्रतियोगिता आवश्यक रूप से आयोजित करवाने व गतिविधियों के रंगीन फोटोठाफ व वीडियों जिला निर्वाचन अधिकारी एवं इस कार्यालय के ई-मेल अममचांतंनसपध्हउंपसण्बवउ पर 12 नवम्बर तक भिजवाने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किये गये है।

रात्रि चैपाल व जनसुनवाई का आयोजन

करौली। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सैना ने एक आदेश जारी कर बताया है कि नवम्बर में रात्रि चैपाल व जनसुनवाई कार्यक्रम निम्नानुसार रहेंगे। उन्होने बताया कि 7 नवम्बर गुरूवार को सांय 6 बजे से ठाम पंचायत गुनेसरा, पंचायत समिति करौली, 14 नवम्बर गुरूवार को सांय 6 बजे से ठाम पंचायत सलेमपुर, पंचायत समिति सपोटरा, 19 नवम्बर मंगलवार को सांय 6 बजे से ठाम पंचायत धौरेटा, पंचायत समिति मण्डरायल, 22 नवम्बर शुक्रवार को सांय 6 बजे से ठाम पंचायत क्यारदा खुर्द, पंचायत समिति हिण्डौन व 26 नवम्बर मंगलवार को सांय 6 बजे से ठाम पंचायत हरनगर, पंचायत समिति करौली में रात्रि चैपाल का आयोजन कर जन समस्याऐं सुन उनका निस्तारण किया जाएगा।

तीन दिवसीय हरि कीर्तन दंगल का शुभारंभ

हरि कीर्तन दंगल कार्यक्रम उद्घाटन समारोह से शुरू हुआ।

हिंडौन सिटी। विशाल हरि कीर्तन दंगल का आयोजन बाघा का हनुमान जी वैधवाडा में मंगलवार को। उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हुआ। जानकारी के अनुसार समस्त ग्रामवासी एवं नव युवक मंडल वैद्यवाडा की ओर से आयोजित हरिकीर्तन कीर्तन दंगल में सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक वैधावडा के करण सैनी, काछीपुरा के मुन्सी सैनी, श्यारौली के प्रकाश सैनी, मालीपुरा (तालचिडी) के लखन सैनी सभापति हजारी लाल सैनी फतेह पुर अपनी प्रस्तुति देंगी।

हिण्डौन में चुनरी यात्रा 6 को

हिंडौन सिटी। मां भगवती जागरण सेवा समिति की ओर से 6 नवंबर को चुनरी यात्रा निकाली जाएगी।

भगवती जागरण, छप्पन भोग व फूल बंगला झांकी के वार्षिक कार्यक्रम को लेकर एक दिन पहले आयोजन स्थल पर जोर शोर से तैयारियां चल रही है। जिसमें छप्पन भोग व माता के दरबार के लिए मंच तैयार किया जा रहा है।

श्रद्धालुओं के हाथों में शोभायमान होने वाली झंडियां भी तैयार की जा रही है। इसी के साथ आगरा व मथुरा से आई हलवाई की टीम विभिन्न प्रकार के व्यंजन छप्पन भोग के लिए तैयार कर रहे है।

वही आयोजन समिति के सदस्य निरंतर इसे सफल बनाने की तैयारियों में जुटे है। आगरा व मथुरा से आई हलवाई की टीम विभिन्न प्रकार के व्यंजन छप्पन भोग के लिए तैयार कर रहे है।

दीपक सिंघल फतेहपुरिया, उमेश मित्तल व लोकेश सकर घटा ने बताया कि 6 नवंबर को दोपहर 2 बजे मोहन नगर स्थित दुर्गा माता शीश महल से चुनरी यात्रा प्रारम्भ होगी। जिसमें महिलाओं का ड्रेस कोड चुनरी व पुरुष कुर्ता - पायजामा में शामिल होंगे। उन्होंने बताया करीब 61 मीटर लम्बी माता की चुनरी को हाथों में थामे हुए सैकड़ों श्रद्धालु नंगे पांव शामिल रहेंगे।

- **छप्पन भोग को लेकर तैयारियां शुरू**

जिसमें एक बैंड व एक डीजे भी शामिल रहेगा। साथ ही वाहन पर दुर्गा माता की सजीव झांकी शामिल रहेगी।

मोहन नगर स्थित दुर्गा माता शीशमहल से प्रारम्भ होकर चुनरी यात्रा जगदम्बा मार्केट, नई मंडी, जैन मंदिर रोड, मोहन नगर, 6 अस्पताल मार्ग होते हुए आयोजन स्थल काका पैलेस पहुंचेगी। माता के जागरण में भजन गायक व टी सीरीज कलाकारों में राजू बाबरा, दीक्षा शर्मा, निरंजन राजपूत, बेबी परी, अंकित अग्रवाल भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। इसी के साथ छप्पन भोग व फूल बंगला की झांकी सजेगी। समिति के महेश गुरुजी, अनूप कलसाडिया, टिंकल चौधरी, अशोक गोयल, संजय, ललित आदि तैयारियों में जुटी रही।

दीपदान 15 को

करौली। मां करणपुर गुमानो दीपदान सेवा समिति की आयोजित हुई बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। मंगलवार को शहर कि अनाज मंडी स्थित हरि काका तंबोली के निवास पर मां करणपुर गुमानो दीपदान सेवा समिति की बैठक आयोजित हुई जिसमें आगामी 15 नवंबर को चतुर्थ दीपदान महोत्सव करने का निर्णय लिया गया समिति से जुडे लोगों ने बताया कि 15 नवंबर को करणपुर कस्बा स्थित माता के मंदिर पर विशाल दीपदान कार्यक्रम के साथ 56 भोग, फूल बंगला,भगवती जागरण,भंडारे का कार्यक्रम आयोजित होगा जिस कार्यक्रम में भाग लेने हेतु इच्छुक श्रद्धालु कैलाश शर्मा हरदैनिया, महेश उपाध्याय,हरि काका तंबोली, आकाश भगत, शिंभू अग्रवाल आलू वाले, रेवती प्रसाद शर्मा के यहां संपर्क कर बस में अपनी सीट बुक कराये।

अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता का उद्घाटन

हिंडौन सिटी। कोटा विश्वविद्यालयं कोटा द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय पुरुष व महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का बुधवार से सौरभ टी टी कॉलेज खेड़ा में आयोजन होगा।आयोजन अध्यक्ष एवं प्राचार्य देवेंद्र कुमार अठावाल व आयोजन सचिव प्रियकांत बेनीवाल ने बताया कि कोटा विश्वविद्यालय कोटा के अधीन महाविद्यालयों की पुरुष व महिला वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिता 6 नवंबर से सौरभ टी टी कॉलेज में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में 2 दर्जन से अधिक टीमें भाग लेंगी ! प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए ,आवास समिति,रजिस्ट्रेशन समिति ,निर्णायक समिति , उद्घाटन समापन समिति, सांस्कृतिक समिति, स्टेज साज सज्जा, पुरस्कार वितरण समिति,का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी गई है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले महाविद्यालय से आने वाली टीमों की आवास व भोजन व्यवस्था सौरभ कैंपस में की गई है।पंजीयन स्थानीय महाविद्यालय में होगा। प्रतियोगिता के मैच स्थानीय महाविद्यालय के खेल मैदानो पर आयोजित होंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह सौरभ टी टी कॉलेज के प्रांगण में प्रात: 10:00 बजे होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सौरभ एजुकेशन कैंपस के अध्यक्ष कृपाल सिंह मीणा।

न्यायिक सेवा में चयनित 8 प्रतिभाओं का सम्मान किया

भरतपुर (निस)। जिले की न्यायिक सेवा में चयनित 8 प्रतिभाओं का हनुमान मन्दिर भूरीसिंह व्यायाम शाला पर जिला कुश्ती संघ व भूरीसिंह व्यायामशाला के संयुक्त तत्वावधान में सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनुतोष गुप्ता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एडीजे भरतपुर व जगदीश कुन्तल एडीजे उदयपुर निवासी भरतपुर थे।

सर्वप्रथम इन्होंने सरस्वती मॉ की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप जलाया। इसके बाद संघ के अध्यक्ष सीताराम गुप्ता, व्यायामशाला के अध्यक्ष विनय मित्र, महासचिव चुन्नी कप्तान, जाट सभा के अध्यक्ष बाबू सिंह रेन्जर, संघ के उपाध्यक्ष आदित्य राज शर्मा व कमाडेन्ट ओमवीर सिंह ने दोनों अतिथियों का साफा, माला, बुके, भाला व स्मृति चिन्ह व महाराजा सूरजमल का मोमेन्टो से स्वागत किया। आरजेएस में चयनित ईशपाल सिंह भरतपुर गुंजन फौजदार, तनवी सिंघल, दीपाली फौजदार, सिमरन सिंह बयाना, शशि हथैनी, नीतेन्द्र सिंह कन्हैया व सिंद्धार्थ कन्हैया सेवर का व इनके माता-पिता का अतिथियों ने माला, बुके, साफा, स्मृति चिन्ह, भाला, टी शर्ट व ड्राई फ्रूट के पैकट देकर सम्मान किया। सभी चयनित आरजेएस ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता व गुरूजनों को दिया।

एडीजे अनुतोश गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश के आमजन को न्यायपालिका पर पूरा विश्वास है व हमारे फैसलों पर गर्व करती है। नये चयनितों को कहा कि आपको न्यायपालिका की गरिमा कायम रखनी होगी। एडीजे जगदीश सिंह कुन्तल ने कहा कि आप पर हमें गर्व है कि ठामीण परिवेश में उभरते हुए सितारे निकल रहे हैं जो आईएएस, आईपीएस व आरजेएस में चयनित हो रहे हैं जो सफल हुए हैं।

उन्हें शुभकामनाऐं व जो असफल रहे उन्हें हताश नहीं होना चाहिए। सीताराम गुप्ता ने कहा कि पीड़ितों को न्याय शीघ्र मिलना चाहिए। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविन्द सोलंकी, राजाराम भूतौली, भगवत सिंह एडवोकेट हथैनी, टीकेश्वर सिंह बीलौठ, संतोष फौजदार, बाबू सिंह रेन्जर ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में कमाडेन्ट ओमवीर सिंह, सेनि डीएफओ पुष्पेन्द्र सिंह कटेला, रविता फौजदार, समुन्दर सिंह, अनिल चाहर प्रधान, बृजेन्द्र चीमा, कृष्ण कुमार सिंघल, डॉ टीकम चंद वर्मा, जीत सिंह मीणा एडवोकेट सेवर, बलवीर सिंह, मानसिंह रेन्जर, समृद्ध भारत के पुनीत गुप्ता, अनिल गर्ग, विष्णु मिततल, कोच बृजेश शर्मा, अर्जुन सिंह तथा रमेश सतीजा, ओमप्रकाश ठाकुर मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन चुन्नी कप्तान ने किया व आभार आदित्य राज शर्मा ने किया।

हिण्डौन सिटी में शिक्षक संघ का सम्मेलन 17 को

करौली जिला कार्यकारणी की बैठक मंगलवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ट्रक यूनियन करौली में आयोजित की गई।

करौली (नि.स.) राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की करौली जिला कार्यकारणी की बैठक मंगलवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ट्रक यूनियन करौली में आयोजित की गई।

संगठन के जिला प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि जिला सभाध्यक्ष समय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिला स्तरीय महिला शिक्षक सम्मेलन 17 नवम्बर को हिण्डोन सिटी में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिला महामंत्री गिरधारी लाल ने बताया कि बैठक में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के साथ उपशाखाओँ की बैठकों का कार्यक्रम भी निर्धारित किया गया जिसके अनुसार 10 नवंबर को करौली शहरी व ग्रामीण, हिंडौन व श्री महावीर जी उप शाखा,15 नवम्बर को मंडरायल व मासलपुर उपशाखा की बैठकें आयोजित की जाएगी। आज आयोजित बैठक में शिक्षक सम्मेलनों की उपादेयता को बनाए रखने के लिए राजकीय अवकाश के बजाय सम्मेलन में उपस्थिति के आधार पर कर्तव्यावकाश की व्यवस्था करवाने, शिक्षकों को गैर शैक्षिणक कार्यों से मुक्त कराने आदि के प्रस्ताव लिए गए। बैठक में प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सूरज प्रकाश, मुखराज, उपसभा अध्यक्ष गणेश सिंह कोषाध्यक्ष समय सिंह, उपाध्यक्ष गोपाल लाल, नरेन्द्र सिंह,शिवचरण लाल प्राचार्य, आदि सहित उपशाखाओं के अध्यक्ष, मंत्री, व पदाधिकारीयों ने भाग लिया।